# कार्यालय प्राचार्य, शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय, बीरगाँव, जिला – रायपुर (छ.ग.)

**Email:**- govt.college.birgaon@gmail.com, Website-https://snkp.ac.in Contact No.-0771-2999011


बीरगांव, दिनांक 24/08/2026

## //छात्रवृत्ति सूचना//

महाविद्यालय में प्रवेशित समस्त नियमित ST/SC/OBC छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि, वर्ष 2026–27 के आनॅलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति फार्म भर कर महाविद्यालय में जमा करने हेतु निम्नांकित दस्तावेंजों की आवश्यकता होगी। अतः पात्रता रखने वाले छात्र–छात्राओं Post Matric Scholarship Portal पर दिये गये निर्धारित समयावधि में फार्म भर कर ऑनलाईन आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर महाविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

**आवश्यक दस्तावेजः–**

1. आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति (छः माह भीतर एवं छ.ग. राज्य का)
2. आय प्रमाण पत्र हेतु शपथ पत्र नोटरी किया हुआ।
3. जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति (ऑनलाईन डिजिटल हस्ताक्षरित एवं छ.ग. राज्य का)
4. निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति (ऑनलाईन डिजिटल हस्ताक्षरित एवं छ.ग. राज्य का)
5. बैंक पास बुक की स्वप्रमाणित छायाप्रति (चालू एवं आधार सिडिंग किया हुआ)
6. दसवीं का अंकसूची (स्वप्रमाणित छायाप्रति)
7. बारहवीं का अंकसूची (स्वप्रमाणित छायाप्रति)
8. पिछली कक्षाओं की समस्त विश्वविद्यालयीन उत्तीर्ण की हुई अंकसूची (स्वप्रमाणित छायाप्रति)
9. आधार कार्ड (स्वप्रमाणित छायाप्रति) (मोबाईल नं. लिंक किया हुआ)
10. प्रवेश रसीद (स्वप्रमाणित छायाप्रति)
11. वचन पत्र की मूल प्रति एवं बेनिफिशरी फार्म।

**टीपः–** 1. फार्म भरते समय पूर्ण सावधानी बरतें। आवेदन लॉक होने के पश्चात् सुधार कर पाना संभव नहीं होगा। त्रुटि होने की स्थिति में छात्रवृत्ति नहीं आने पर छात्र–छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगे।

2. फार्म भरते समय आधार लिंक मोबाईल नंबर एवं आधार सिडिंग बैंक खाता का ही उपयोग करें।

3. अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से OTR की प्रविष्ट ऑनलाईन आवेदन करते समय की जानी है।

4. जिन छात्र–छात्राओं ने अन्य छात्रवृत्ति (BPL छात्रवृत्ति/केन्द्रीय छात्रवृत्ति/श्रम कल्याण छात्रवृत्ति आदि) हेतु आवेदन किया है वह इस छात्रवृत्ति में आवेदन नहीं करें।

(हस्ताक्षर नोडल अधिकारी छात्रवृत्ति)
डॉ. रोसमीना कुजुर
सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)

Dr. Rosemeena Kujur
Assistant Professor (Hindi)
Shaheed Nandkumar Patel
Govt. College Birgaon
Raipur (C.G.)

24-08-2026
प्राचार्य
शहीद नंदकुमार पटेल
शासकीय महाविद्यालय बीरगांव
जिला – रायपुर (छ.ग.)